RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 45
फरीदाबाद, बुधवार, 22 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



चैत्र नवरात्रि
पहले दिन हुआ
मां दुर्गा का जन्म

पेज - 11

# थैलेसीमिया कॅरियर शिविर में 153 की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



जांच करवाते विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते प्रिंसीपल, संस्था के महासचिव व अन्य ।

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में नि:शुल्क थैलेसीमिया केरियर जांच व जागरूकता शिविर का आयोजन मंगलवार को अग्रवाल महाविद्यालय के प्रागंण में लगाया गया। यह शिविर महाविद्यालय की यूथ रैड क्रॉस इकाइयों के द्वारा थैलासैमिक्स इंडिया दिल्ली इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी केंद्रीय शाखा नई दिल्ली व फाउंडेशन अगेंस्ट थैलीसैमिया, शिवलिक सीएसआर फाउंडेशन के सहयोग से नि:शुल्क थैलेसीमिया केरियर जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 153 विद्यार्थियों ने जांच करवाई।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत ने इस मौके पर कहा कि इस तरह के शिविरों के आयोजन के पीछे जो उद्देश्य है व सभी को स्वस्थ रखना है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और स्वस्थ विद्यार्थी ही स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी दे सकते हैं। फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के जनरल सेक्रेटरी रविंद्र डुडेजा ने सभी को बताया कि अगर थैलेसीमिया कैरियर पुरुष की शादी थैलेसीमिया कैरियर महिला से हो जाए तो उनके बच्चे के थैलेसीमिया ग्रस्ति होने की संभावना बहुत अधिक होती हैं इसलिए ये शिविर मानव कल्याण के लिए एक वरदान साबित होगा। उन्होंने बताया की थैलेसीमिया ग्रस्ति बच्चों को हर 15 से 20 दिनों में खून चढ़ाया जाता है और अब से पहले जागरूकता के अभाव के कारण ऐसे बच्चों की 10 से 12 वर्ष की उम्र में ही मृत्यु हो जाती थी, परन्तु थेलासिमिया ग्रस्त बच्चे एक साधारण जीवन जी रहे है जिसके लिए समय पर रक्त का मिलना व सूचित दवाइयों का मिलना।

थैलेसीमिया की जांच व जागरूकता ही ऐसे बच्चों के जन्म को रोकने में मदद करती है। शिविर के आयोजन में फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया के प्रधान हरीश रतरा, मेंबर जेके भाटिया व कोषाध्यक्ष नीरज कुकरेजा का भी सहयोग रहा। शिविर में विशेष सहयोग करने वाले स्वयंसेवकों को शिवालिक सीएसआर फाउंडेशन के द्वारा टी-शर्ट वितरित की गईं। शिविर का आयोजन प्राचार्य की सद्प्रेरणा से हुआ व इसमें महाविद्यालय के यूथ रैडक्रॉस कोऑर्डिनेटर डॉ. जयपाल सिंह, काउंसलर पूजा, सुभाष कैलोरिया व लवकेश की विशेष भूमिका रही।